ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 09.06.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

## हारेगा कोरोना–जीतेगें हम

- अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह द्वारा आज दिनांक 09.06.2021 को नगर क्षेत्र के तेलटंकी, सुनहरी मस्जिद के पास बने नाले, मेजवान तिराहे पर निर्माणाधीन महाराणा प्रताप पार्क एवं सुभाष चौराहे के चारों तरफ लगाये गये पौधों का किया गया निरीक्षण।

- नगर आयुक्त, नगर निगम शाहजहाँपुर द्वारा आज दिनांक 09.06.2021 को सुबह 09 बजे नगर निगम कार्यालय में कोरोना संक्रमण से दिवंगत आत्माओं की शान्ति और संकट की घड़ी में शोक संतृप्त परिवार को संवल प्रदान करने के लिये एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 09.06.2021 दिन बुधवार को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश के क्रम में कोविड–19 एवं बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा है नालों एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य।

1. अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह द्वारा आज दिनांक 09.06.2021 को नगर क्षेत्र के तेलटंकी, सुनहरी मस्जिद (मण्डी) में नाले, मेजवान तिराहे पर महाराणा प्रताप पार्क एवं सुभाष चौराहे के चारों तरफ लगाये गये पौधों का निरीक्षण किया गया। अपर नगर आयुक्त द्वारा सर्वप्रथम नगर क्षेत्र के तेलटंकी रोड पर जलभराव की समस्या को ध्यान में रखते हुये सड़क क्रासिंग पर एक पुलिया बनाये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया, जिससे क्षेत्रवासियों को क्षेत्र में होने वाले जलभराव की समस्या से निजात मिल सकें। इसी क्रम में अपर नगर आयुक्त द्वारा नगर क्षेत्र के सुनहरी मस्जिद के पास बने नाले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पाया कि नाले के आसपास जलभराव का पानी रुकने के कारण आवागमन में दिक्कत होती है जिसको देख अपर नगर आयुक्त द्वारा शीघ्र ही नाले की मरम्मत करवाये जाने व लोगो द्वारा क्षेत्र में कर रखे अतिक्रमण को भी हटवाये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त अपर नगर आयुक्त द्वारा नगर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा मेजवान तिराहे पर बनवाये जा रहे महाराणा प्रताप पार्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त द्वारा निर्माण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता को देखा गया व मौके पर उपस्थित ठेकेदार को कार्य में तेजी लाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त सुभाष चौराहें के चारों तरफ लगाये गये पौधों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त द्वारा ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुये सुभाष चौराहे के चारों तरफ लगे पौधों को नियमित रुप से पानी देने व उनकी देखवाल किये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0 गौतम एवं मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान उपस्थित रहें।

2. नगर आयुक्त, नगर निगम शाहजहाँपुर द्वारा आज दिनांक 09.06.2021 को सुबह 09 बजकर 09 मिनट पर नगर निगम कार्यालय में कोरोना संक्रमण से दिवंगत आत्माओं की शान्ति और संकट की घड़ी में शोक संतृप्त परिवार को संवल प्रदान करने के लिये एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा आयोजन में उपस्थित नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की गई कि कोरोना संक्रमण से दिवंगत आत्माओं की शान्ति और संकट की घड़ी में शोक संतृप्त परिवार को संवल प्रदान करने के लिये 02 मिनट का मौन रखे। जिसके अनुपालन में नगर निगम कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा 02 मिनट का मौन रखकर कोरोना संक्रमण से दिवंगत आत्माओं की शान्ति और संकट की घड़ी में शोक संतप्त परिवार को संवल प्रदान करने के लिये प्रार्थना की गई। प्रार्थना सभा में नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, अगंद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0 गौतम, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

3. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियो में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 09.06.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कॉलोनी, एमनजई जलालनगर, इन्दिरानगर कॉलोनी, लोधीपरु, महमंद जलालनगर, निसरजई में व्यापक स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा मामुड़ी, कृष्णानगर कॉलोनी, बहादुरपरा में बने पोस्टमार्टम हाउस, लोहिया कॉलोनी, बहादुरगंज एवं पुलिस चौकी के आसपास सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अन्र्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा चौभुर्जी में पूराना जिला अस्पताल, ककरा खुर्द, बेरी चौकी, मोहम्मदजई, महमंद जगंला, तिलहरजई में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा गर्राघाट स्थित स्वर्गधाम, अजीजगंज रैन बसेरा, जिला अस्पताल, नवादा इन्देपुर स्थित बच्चा जेल, कॉशीराम कॉलोनी, गॉधी पार्क, अजीजगंज में आंशिक एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अन्र्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा चर्च कॉलोनी, अहमदपुर रेती, तारीन गाड़ीपुरा, ख्वाजा फिरोज, फत्तेपुर रेती में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 6840 स्थलों एवं 500 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

4. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 09.06.2021 को सफाई जोन–1 में इन्दिरानगर कॉलोनी, सुभाषनगर कॉलोनी, हाथीथान में हॉफिज मियॉ की मजार के पीछे बने नाले एवं जाग्रतिनगर में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में वसीम नसिंग होम के पीछे बने नाले एवं मक्कू बजरिया में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 चित्रा टॉकीज वाली गली में बने डीप ड्रेन नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में वाकरजई में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के दलेलगंज में पक्का पुल के आगे तारा फाटक स्कूल के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।